हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 14 अगस्त 2025



06 तिरंगे के रंग में जिले को रंगने दो अधिकारी...



09 एनएच के नालों के कारण कई बस्तियों, ऑफिसों ...






## खबर संक्षेप

### सांदीपनी विद्यालयों के नवीन भवनों में अध्ययन कार्य प्रारंभ

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के पर्यवेक्षण में जिले में सांदीपनी विद्यालयों का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। विगत दिवस कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जिले में संचालित सांदीपनी विद्यालयों का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। जिससे कि विद्यालयों में लक्ष्य के अनुसार प्रवेश सुनिश्चित किए जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सांदीपनी विद्यालयों में शैक्षणिक कार्य शासन की दिशा निर्देश के अनुसार पूरे करें। इसी परिपेक्ष्य में सांदीपनी स्कूल देवरी के नवनिर्मित भवन में अध्ययन कार्य प्रारंभ कराया गया है।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु सीमा में दी गई शिथिलता

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा में शिथिलता प्रदान की है। लोक शिक्षण द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर माध्यमिक शिक्षा मंडल की मार्गदर्शिका में वर्णित न्यूनतम 13 वर्ष की आयु सीमा को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए राज्य शासन द्वारा शिथिल किया गया है।

### मानव श्रृंखला बनाकर दिया हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का संदेश

**सागर।** नगरीय क्षेत्र खुरई के शासकीय स्कूल ललिता शास्त्री में बच्चों ने तिरंगा यात्रा और स्वच्छता का संदेश मानव श्रृंखला बनाकर दिया उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को स्वच्छता अपनाने एवं अपने घर पर तिरंगा फहराने का संकल्प दिलाया बच्चों ने हर घर स्वच्छता की मानव श्रृंखला बनाकर खुरई को क्लीन एवं ग्रीन खुरई बनाने स्वच्छता अपनाने एवं तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने का संदेश दिया।

### राजकीय विश्वविद्यालय में तिरंगा यात्रा का आयोजन

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा निर्देशित 'हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' के अंतर्गत आज रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. विनोद कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन द्वारा तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा देशभक्ति नारों एवं गीतों के गायन के साथ विश्वविद्यालय परिसर से तिली तिराहा एवं न्यू आरटीओ कार्यालय तक निकाली गयी साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में अस्थाई सेल्फी पाइंट पर सभी ने अपने छायाचित्र लिए।

### अहिरवार समाज को मिलेगा सामुदायिक भवन

**सागर।** संत कबीर वार्ड के अहिरवार समाज के निवासियों ने सामुदायिक भवन निर्माण की मांग को लेकर पार्षद धर्मेंद्र खटीक के नेतृत्व में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन से उनके निवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। समाजजनों ने बताया कि वार्ड स्थित जानकी रमन मंदिर प्रांगण में लंबे समय से सामुदायिक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का संचालन एक व्यवस्थित स्थल पर किया जा सके। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद विधायक जैन ने तुरंत संत कबीर वार्ड का दौरा कर प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि "जन जागीदारी और आपसी सहयोग के माध्यम से इस कार्य को पूर्ण किया जाएगा"। उन्होंने आश्वासन दिया कि सामुदायिक भवन के निर्माण से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा और यह क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण कदम होगा।

---

नरयावली विधानसभा की 1 कि.मी.लंबी विशाल तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारे और तराने गूंजे

# तिरंगा भारत की स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है: विधायक प्रदीप लारिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में हर घर तिरंगा अभियान और अखंड भारत के संकल्प के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी अनुक्रम में नरयावली विधायक प्रदीप लारिया के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन बुधवार को मकरोनिया में किया गया। तिरंगा शोभा यात्रा में सागर सांसद डॉ.लता वानखेड़े, श्याम तिवारी, प्रभुदयाल पटेल, नपा अध्यक्ष मिहिलाल, पार्षदगण, मातृशक्ति, भूतपूर्व सैनिक, सहित हजारों छात्र छात्राओं, एनसीसी, भारत स्काउट गाइड कैडिट, सामाजिक संगठन, व्यापारी संगठन, गणमान्य नागरिकों ने अपनी सक्रिय सहभागिता की। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में युवा हाथों में तिरंगा थामे देश भक्ति गीतों पर झूमते दिखे। एनसीसी, भारत स्काउट गाइड कैडिट एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा जय हिंद, भारत माता की जय, झंडा ऊंचा रहे हमारा जैसे बुलंद नारों से मकरोनिया अनुगुंजित हुआ।यात्रा बैंड के साथ होटल पैराडाइज से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए भारत माता मूर्ति, मकरोनिया चौराहे पर समाप्त हुई। पूरे रास्ते जगह-जगह लोगों ने घरों से एवं दुकानों से निकल कर तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा में हर वर्ग एवं समाजों के लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ शामिल होकर देशभक्ति का संदेश दिया। व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाये। मकरोनिया के मुख्य मार्ग तिरंगामय दिखाई दिये। विधायक लारिया के नेतृत्व में आयोजित इस विशाल तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का महाकुंभ दिखाई दिया।

यात्रा के समापन पर मकरोनिया चौराहा के समीप भारत माता मूर्ति पर माल्यार्पण कर संगीतमय भव्य आरती की गयी। तिरंगा शोभा यात्रा में भारत माता की वेशभूषा में छोटी बच्ची नितारा लारिया सभी के आकर्षण का केंद्र रही। नरयावली विधानसभा की तिरंगा यात्रा ने न केवल देशभक्ति का संदेश दिया, बल्कि विभिन्न समाजों की एकता का प्रतीक भी बनी। इस यात्रा ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और गर्व का संदेश दिया।



### महंत दादी कौशल्या देवी की श्रद्धांजलि सभा संपन्न

**सागर।** श्री झूलेलाल धर्मशाला प्रांगण में साईं मिलणराम दरबार की महंत, सद्गुरु माता दादी कौशल्या जी के निधन उपरांत, श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, वरिष्ठ समाजसेवी सचिन संगतानी ने बताया कि दादी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए समस्त समाज उमड़ पड़ा। अयोध्या से आए हुए संत सुरेंद्र कुमार जी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज की विभिन्न संस्थाओं के शोक पत्र संवेदना व्यक्त करने हेतु आए हुए थे। जिसमें से पूज्य पंचायत सिंधी समाज, श्री झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट एवं श्री गुरु नानक मंदिर ट्रस्ट सिविल लाइन के शोक पत्रों का वाचन किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से सागर नगर विधायक शैलेंद्र जैन, पूज्य पंचायत सिंधी समाज अध्यक्ष मोहनलाल सौम्या, पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष राजकुमार धामेचा, निरंकारी मंडल अध्यक्ष नारायण दास निरंकारी, श्री झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुशील लहरवानी, साईं मिलन राम दरबार के समस्त ट्रस्टी गण शामिल थे। विशाल जन समूह ने पंक्तिबद्ध होकर पुष्प अर्पित करते हुए, नम आंखों से श्रृद्धांजलि अर्पित की। यह जानकारी साईं मिलनराम दरबार के प्रधान सेवक लखमीचंद मनवानी ने दी। महंत कौशल्या देवी जी के आत्म शांति हेतु दरबार साहिब में 14 अगस्त गुरुवार को, साप्ताहिक गुरु ग्रंथ साहब के पाठ साहब का आयोजन होगा जिसका समापन 21 अगस्त दिन गुरुवार को होगा। समापन पर लंगर प्रसादी रखी जाएगी।



### स्वतंत्रता दिवस परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास संपन्न

**सागर।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का आज अंतिम पूर्वाभ्यास संपन्न हुआ। पूर्वाभ्यास के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात निरीक्षण किया गया। पुलिस बल, एनसीसी, शौर्य दल की टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, एसडीएम अदिति यादव सहित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## सरकार व बीमा कंपनी की संयुक्त टीम से सागर जिले की फसलों के पुनः सर्वे हेतु पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मध्यप्रदेश के कुछ किसानों को दो रवि व एक खरीफ सीजन की फसलों के बीमा क्लेम के लिए 1125 करोड़ की राशि मिलने के लिए पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को पत्र लिख कर धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस पत्र में सिंह ने यह भी आग्रह किया है कि सागर जिले के किसानों को नियमानुसार बीमा राशि मिले इसके लिए जिले के किसानों की फसलों का पुनः सर्वे सरकार एवं बीमा कंपनी की संयुक्त टीम से कराने के आदेश दिए जाएं। पूर्व गृहमंत्री सिंह द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को लिखे पत्र में बताया है कि राजस्व की दृष्टि से सागर जिला मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। यहां की 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आश्रित है परंतु बीमा कंपनी के द्वारा जो राशि दी गई है उसमें सागर जिले के किसानों को मात्र 5 करोड़ रुपए दिए गए हैं, क्योंकि बीमा कंपनी के द्वारा सागर जिले के कृषि उत्पादन का गलत आकलन किया गया है।पत्र में भूपेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से विनम्र आग्रह किया है कि सागर जिले के किसानों को नियमानुसार बीमा राशि मिले इसके लिए किसानों की फसलों का पुनः सर्वे सरकार और बीमा कंपनी की संयुक्त टीम के माध्यम से हो। इस पुनः सर्वे के लिए माननीय प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आदेशित करने की कृपा करें ताकि सागर जिले के किसानों को पर्याप्त राशि मिल सके।



### घर-घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली तिरंगा यात्रा

**रहली।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रहली नगर में आज 'घर-घर तिरंगा अभियान' के तहत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा गांधी मूर्ति से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए नगर पालिका प्रांगण में समाप्त हुई। इस यात्रा में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी, समस्त पार्षद, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सभी ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। इस दौरान पूरा नगर देशभक्ति के रंग में डूबा हुआ नजर आया। यह तिरंगा यात्रा देश के प्रति सम्मान और एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से निकाली गई थी, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि पार्टी द्वारा घर-घर तिरंगा अभियान के तहत रहली नगर में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई है, मातृभूमि की रक्षा के लिए हमारे अमर शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी हम उनको नमन करते हैं उनके अपूर्व योगदान का स्मरण करते है।

## तीजड़ी पर्वः मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम अस्मिता मोहनानी व पुष्पा हरी रमानी, उषा देवी अव्वल



**सागर।** सिंधी समाज का त्यौहार हाल ही में, आज पूरे भारत वर्ष में सिंधी समाज तीजड़ी का पर्व मना रहा है। इस मौके पर श्री झूलेलाल चालिहा हाल में सिंधी समाज कि महिलाओ और युवतियों ने मेहंदी सजाओ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जहाँ महिलाओ और युवतियों ने तीजड़ी और रक्षाबंधन जैसे त्योहारों के अवसर पर अपने हाथों पर मेहंदी से विभिन्न डिजाइन बनाए। इन प्रतियोगिताओं में महिलाओ व युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कलात्मकता का प्रदर्शन किया। तीज के उपलक्ष्य में यहां मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने-अपने हाथों पर मेहंदी को सजाया। प्रथम अस्मिता मोहनानी, दूसरे नंबर पर पुष्पा हरिरामानी तीसरे नंबर पर उषा देवी, चौथे नंबर पर रीना गोकलानी, पांचवें नंबर पर नेहा पंजवानी रही जिसके निर्णायक मंडल में दीपा मेठवानी, पूनम लालवानी, कोयल शादीजा थे। इस मौके पर मंडली के संस्थापक लालाराम मेठवानी, अध्यक्ष सुरेश मोहनानी ने सभी का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर महिला अध्यक्ष दिया राजपूत, भारती मोहनानी, मोनिका मेठवानी, पुष्पा हरिरामानी रायपुर, लीला आहूजा, रैना गोकलानी, दीपांशू नागदेव, कविता लहरवानी, मानसी दरयानी, कनक लौटवनी, दीपा मोटवानी, राजेश मनवानी, दिलीप वाधवानी, अजय पंजवानी, उपाध्यक्ष प्रेमचंद प्रथ्यानी, दौलत नागवानी, रुपेश मनवानी, वर्षा हासानी, सपना मनवानी सहित बड़ी संख्या में समाज कि महिलाये उपस्थित रही।

## खरपतवारनाशी दवाओं से फसल में हुए नुकसार पर एफआईआर दर्ज की गई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में एवं उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी कृषि बंडा एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा एचपीएम केमिकल एवं फर्टिलाइजर लिमिटेड कंपनी का उत्पाद बायोक्लोर नीदानाशक, खरपतवारनाशी दवा से 23 कृषकों की सोयाबीन की फसल नुकसान की शिकायत हुई थी। किसानों ने बताया कि सुप्रीम एग्रो ओवरसीज पुरानी सब्जी मंडी नया बाजार सागर प्रोप्राईडर मनीष जैन द्वारा बायोक्लोर एचपीएम केमिकल एवं फर्टिलाइजर लिमिटेड की नीदानाशक, खरपतवारनाशी दवा का विक्रय कच्चे एवं पक्के बिल पर ग्राम चकेरी, विनेका, पिपरिया चमारी, गोदाई पिपरिया इल्लांई, कनेरा, धामोनी, पहलादपुर, नैनधरा आदि ग्रामों के लगभग 35 कृषकों को किया गया। जिसके उपयोग से सोयाबीन की फसल खराब हो गई एवं सूख गई। कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला सागर द्वारा गठित जांच दल ने प्रभावित सोयाबीन फसलों का निरीक्षण किया। जिससे पता चला कि बायोक्लोर खरपतवारनाशी से सोयाबीन की फसल तो सूख गई परंतु खरपतवार नष्ट नहीं हुआ, इस प्रकार किसानों के साथ छल करके गलत खरपतवारनाशी का विक्रय कर राशि हड़प ली गई। जांच उपरांत एचपीएम कंपनी एवं दवा विक्रेता एम/एस सुप्रीम एग्रो ओवरसीज सागर के विरुद्ध प्रथम सूचना प्रकरण बंडा थाना में दर्ज किया गया।

## आबकारी विभाग ने पकड़ी अवैध शराब



**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है आबकारी विभाग फुल फॉर्म में नजर आ रहा है। आबकारी विभाग की टीम ने गढ़ाकोटा में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों के पास से 42200 रुपये की शराब जप्त की है। जानकारी के अनुसार आरोपी दिनेश राजपूत गुंजोरा के पास से 52 पाव पावर व्हिस्की, 48 पाव मैकडॉवेल, 12 पावर जिप्सी जिन 55 इंपिरियल ब्लू तथा दूसरे आरोपी नरेंद्र राजपूत गुंजोरा से 38 जिप्सी 58 पावर व्हिस्की 8 पावर इंपिरियल ब्लू छह बोतल 13 कैन बियर जप्त की है तो वही आरोपी भूपेंद्र कोरी लॉन्ग ड्राइव फैमिली रेस्टोरेंट मोठार गढ़ाकोटा से 7 पाव इम्पीरियल ब्लू 6 पाव पावर व्हिस्की 17 देसी मदिरा प्लेन अवैध शराब जप्त की है। जिसकी कुल कीमत 42200 बताई जा रही है। कार्रवाई में व्रत प्रभारी रहली मंजूषा सोनी, रोशनी उरेती, हेड कांस्टेबल साकेत, मदन यादव आरक्षक दीपेंद्र उदेनिया, राजकमल, दिलीप ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

---

बरोदिया कलां में अविराज सिंह के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

# हम शहीदों के योगदान को भूल नहीं सकते: अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



देशव्यापी तिरंगा यात्राओं के अंतर्गत खुरई विधानसभा क्षेत्र की तीसरी तिरंगा यात्रा बरोदिया कलां में युवा भाजपा नेता अविराज सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत सैकड़ों लोगों ने तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिह के मार्गदर्शन में निकली इस तिरंगा यात्रा नगर भ्रमण के लिए हाकर्स जोन से प्रारंभ होकर वापस हाकर्स जोन पर सभा में परिवर्तित हो गई जिसे अविराज सिंह ने अपने ओजस्वी भाषण से संबोधित किया। युवा नेता अविराज सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज तिरंगा यात्रा के माध्यम से लाखों स्वतंत्रता सेनानियों, उन वीर जवानों को जिन्होंने अपने राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किये, तिरंगा अभियान के माध्यम से उन्हें विनम्र श्रृंद्धाजलि अर्पित करने का अवसर प्रदान हुआ है। तिरंगा अभियान के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति, एकता की भावना बढ़ती है और राष्ट्र भी प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि तिरंगे झंड़े में तीन रंग होते है जो संघर्ष, शांति, विकास, धर्म और न्याय के प्रतीक है।

उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर देशव्यापी तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से पूरा भारत देश तिरंगामय हो चुका है। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि भारत वह भूमि है जिससे मानवता ने उच्चतम पवित्रता, सौम्यता, शांति, उदारता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि आर्थिक स्वंतत्रता के बिना राजनैतिक स्वतंत्रता अधूरी है और आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने का माध्यम है स्वेदशी अपनाना इससे देश में रोजगार बढ़ता है। आत्मनिर्भर भारत के माध्यम हमें किसी देश के ऊपर निर्भर नहीं रहना पड़ता। हमारे देश के युवा मेहनती और प्रतिभाशाली है।

उन्होंने कहा कि हर भारतीय को शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए क्योंकि शिक्षा हमें संघर्ष के लिए तैयार करती है, शिक्षा हमारे चरित्र का निर्माण करती है, शिक्षा से हम आत्मनिर्भर बनते है। सच्ची राष्ट्रभक्ति वह है जब हर भारतीय हो गर्व हो हमारे देश का राष्ट्रगान बजे और सभी के हृदय में उसके लिए सम्मान हो।

बरोदियां कलां में तिरंगा यात्रा के साथ देशभक्ति के गीत बजा रहे डीजे, वादक दल, झांकियां, भारतमाता के स्वरूप की झांकी, सैन्य परिधान में बच्चे शामिल रहे। यात्रा में बड़ी संख्या में नारीशक्ति, युवा और बच्चे भी शामिल हुए। हर हाथ में तिरंगा देख कर समूचे नगर में राष्ट्रप्रेम के लिए जोश उमड़ पड़ा।

यात्रा में मंडल अध्यक्ष बरोदियाकलां नीतेश यादव नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना चुन्नीलाल कुशवाहा, आर सी दुबे, राम सिंह ठाकुर, रामकुमार बघेल, खुशाल चंद्र जैन, प्रदीप दुबे, वीएम लोधी, कोमल यादव, बलराम सिंह ठाकुर,उदयभान सिंह ठाकुर, तिलक सिंह लोधी, दयाराम चौरसिया, तुलसीराम अहिवार, आजाद सिंह सरपंच रेडोन,प्रताप सिंह लोधी, रविन्द्र सिंह पलेथनी, भागवल पटैल, दिनेश सिंह, रामरतन यादव बंगेला, पूजाराम यादव, द्वारका कुशवाहा, अजय सिहं रोड़ा, दीवान सिंह जाट, ताहर यादव, निरंजन ठाकुर लाल सिंह, हफीज खान, संजय पांडे, रविन्द्र ठाकुर, रावराजा लोंगर, संदीप वैद्य, हरिनारयाण कुशवाहा, पार्षद अजमेर सिंह, मनीष पटवा, पार्षद लखन यादव, तोरण सिंह, भरत तिवारी, मदन दुबे, गिन्नी राजा, पुष्पेन्द्र परिहार, नेमीचंद्र जैन, मुन्नालाल सोनी, रणवीर सिंह, ठाकुर, रामचरण यादव, घनश्याम तिवारी, भागचंद जैन, गोविंद सेन शामिल थे।



### महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गढाकोटा।** सागर जिले के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र- छात्रा इकाई के द्वारा भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से प्राप्त पत्र के तारतम्य में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत आमजन में नशे के दुष्परिणामों से बचाव एवं नशे की रोकथाम हेतु आज 13 अगस्त को मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यू ट्यूब के माध्यम से देखा गया। अपने वक्तव्य में कहा कि नशा ही नाश की जड़ है। देश में नशे के कारण कई तरह के अपराध हो रहे है, इसलिए वर्तमान में हम सभी का ऐसा प्रयास होना चाहिए कि समाज में नशे जैसी फैली बीमारी को समाप्त करेंगे और सभी संकल्प ले कि न केवल घर, परिवार और स्वयं को बचाएंगे बल्कि समाज में नशा मुक्त अभियान चलाकर जागरूकता लाएंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में संस्था के समस्त शिक्षक और कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सूर्य मंदिर मड़खेरा व नजरबाग में सेल्फी प्वाइंट, परेड ग्राउंड का संयुक्त किया निरीक्षण

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अगुवाई में स्वतंत्रता दिवस की भव्य तैयारियां पूरी

# तिरंगे के रंग में जिले को रंगने दो अधिकारी हुए प्रयासों में मगन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

स्वतंत्रता दिवस के 3 दिन पूर्व से जिले को तिरंगामय करने में कलेक्टर विबेक श्रोत्रिय और एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने जो प्रयास किये हैं बो आज के पहले कभी नहीं हुए। इसका जीता जागता उदाहरण तब देखने को मिला जब दूरस्थ ग्राम मड़खेड़ा के ऐतिहासिक सूर्य मंदिर पर तिरंगा सेल्फी पॉइंट रखा गया। स्वतन्त्रता दिवस की संध्या पर जिला मुख्यालय से लेकर कस्बों तक तिरंगे की आभा साफ दिख रही है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अगुवाई में इस बार 15 अगस्त का आयोजन सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि विरासत, स्वच्छता और जनभागीदारी को केंद्र में रखकर सजाया गया है। पुलिस परेड ग्राउंड की तैयारियों की संयुक्त समीक्षा, मड़खेरा के प्राचीन सूर्य मंदिर और नजरबाग प्रांगण में सेल्फी प्वाइंट, तथा शहरझ्रगांव में स्वच्छता अभियान—सब मिलकर माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर रहे हैं। प्रशासन का दावा है जन का, जन के लिए, जन के साथ और तैयारी उसी वादे को उतारने की कोशिश है।

### हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता की रफ्तार

जिले में ह्यहर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संगह्न अभियान ने तैयारियों को जन आंदोलन का स्वर दिया है। प्रशासनिक अमले, सामाजिक संगठनों, स्कूलझ्रकॉलेजों और आम नागरिकों की साझेदारी से तिरंगे के साथ स्वच्छता का संदेश भी समान गति से फैल रहा है।

### पहली बार मड़खेरा सूर्य मंदिर विरासत पर देशभक्ति की रोशनी



कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मड़खेरा स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर परिसर में तिरंगा-थीम आधारित सेल्फी प्वाइंट स्थापित कराया है, ताकि स्थानीय लोग और पर्यटक यादगार लम्हे कैद कर सकें और अभियान से भावनात्मक रूप से जुड़ें। यह मंदिर जिले की सांस्कृतिक पहचान है और आधिकारिक पर्यटन सूची में भी दर्ज है,विरासत स्थल पर जनभागीदारी की यह कोशिश खास संदेश देती है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि दूरस्थ क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक स्थलों पर तिरंगा सेल्फी पॉइंट्स बनाया गया हो जिससे देशभक्ति और ऐतिहासिक स्थल का प्रचार दोनों उद्देश्य एकसाथ पूर्ण हो।

### तालाबों में तिरंगा वोट यात्रा व नजरबाग में पब्लिक कनेक्ट सेल्फी प्वाइंट

नजरबाग प्रांगण में भी तिरंगा-थीम गतिविधियाँ और सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। प्रशासनिक टीम की मौजूदगी और स्थानीय सहभागिता ने कार्यक्रमों को जीवंत बनाया। सोशल मीडिया पर साझा हो रही तस्वीरें और वीडियो अभियान की पहुँच बढ़ा रहे हैं, जिससे उत्सव सिर्फ स्थल तक सीमित न रहकर पूरे शहर में फैल रहा है। इसके साथ ही जिले के तालाबों में तिरंगा बोट यात्रा का आयोजन कर लोगो में उत्साह भरा गया।

### परेड ग्राउंड का संयुक्त निरीक्षण सुरक्षा व व्यवस्था पर फोकस

मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम के मद्देनज़र कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस ग्राउंड का संयुक्त निरीक्षण किया। मंच, जल-निकासी, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा-पर्यवेक्षण और भीड़ प्रबंधन जैसे बिंदुओं पर निर्देश जारी हुए। संदेश साफ है समारोह गरिमामय भी हो और व्यवस्थागत रूप से दुरुस्त भी।

### टीएल मीटिंग से ग्राउंड-लेवल मॉनिटरिंग

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई टीएल मीटिंग में 15 अगस्त की तैयारियों के साथ अन्य प्राथमिक मुद्दों की भी समीक्षा हुई फील्ड अफसरों को समयबद्ध काम, त्वरित समन्वय और जनसंपर्क की ठोस रूपरेखा दी गई। यह निरंतर मॉनिटरिंग ही वह कड़ी है जो योजनाओं को ज़मीन पर समय पर उतारती है।

### ध्वजारोहण, परेड और सांस्कृतिक झलकियां

मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के साथ परेड, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/वरिष्ठ जनों का सम्मान तय है। प्रशासन ने सार्वजनिक स्थानों पर सजावट व प्रकाश व्यवस्था बेहतर रखने, भीड़-नियंत्रण, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन प्रतिक्रिया के इंतज़ाम मज़बूत करने पर जोर दिया है, ताकि उत्सव गरिमा और सुगमता दोनों के साथ संपन्न हो।



## पलेरा में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा देशभक्ति के रंग में रंगा नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर में स्वतंत्रता दिवस से पहले एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें विद्यालय संस्थाओं के छात्र-छात्राओं के अलावा नगर के सभी लोगों ने भाग लिया। इस यात्रा में अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक, पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सभी शामिल थे। नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए यह रामराजा स्टेडियम पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा की रैली को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग के द्वारा 1 घंटे के लिए नगर की विद्युत सप्लाई को पूर्णता बंद रखा गया। पुलिस के द्वारा डिवाइडर मार्ग पर भी बेहतर व्यवस्था तैयार की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक समेत तमाम जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारी अपने हाथों में तिरंगा लिए इस यात्रा में शामिल हुए। इस भव्य आयोजन ने 15 अगस्त से पहले ही पूरे नगर में देशभक्ति का माहौल बना दिया।

## 5 हजार का इनामी फरार आरोपी रानू तिवारी पुलिस गिरफ्त में




**एनडीपीसी प्रकरण में लंबे समय से चल रहा था फरार रणनीति बनाकर किया गिरफ्तार**

**टीकमगढ़।** लंबे समय से फरार चल रहे चर्चित एनडीपीसी एक्ट के इनामी आरोपी रानू तिवारी को आखिरकार पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की कुशल व असरदार रणनीति के तहत एवं जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के कुशल मार्गदर्शन में जतारा थाना प्रभारी रविभूषण पाठक व उनकी पुलिस टीम ने धर दबोचा। आरोपी रानू पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। बताया जाता है कि आरोपी रानू तिवारी एनडीपीसी एक्ट के एक गंभीर मामले में वांछित था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार छिपता फिर रहा था। जतारा थाना प्रभारी रविभूषण पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए आरोपी रानू तिवारी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी की तलाश में पिछले कई दिनों से विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। गिरफ्तारी के समय आरोपी रानू को कानून की धाराओं से अवगत कराते हुए विधिक प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस टीम को बधाई दी और कहा कि एनडीपीसी एक्ट जैसे संगीन मामलों में लिप्त अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# टैक्सी यूनियन के नवनियुक्त अध्यक्ष ने नपा को लिखा पहला पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नवनिर्वाचित टैक्सी यूनियन अध्यक्ष इरशाद मोहम्मद कुरैशी ने नगर पालिका अध्यक्ष पप्पू मलिक को आवेदन सौंपकर बस स्टैंड स्थित टैक्सी स्टैंड पर तत्काल साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यहां हर साल की तरह ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, लेकिन इस बार स्थल की बदहाल स्थिति आयोजन में बाधा बन सकती है। कुरैशी ने आवेदन में उल्लेख किया कि टैक्सी स्टैंड परिसर लंबे समय से उपेक्षा का शिकार है। जगह-जगह गंदगी का अंबार, कचरे के ढेर और बदबू यात्रियों व चालकों दोनों के लिए परेशानी का कारण हैं। वहीं, प्रकाश व्यवस्था न होने से रात के समय असुरक्षा और असुविधा की स्थिति बनी रहती है।

### नया बस स्टैंड का कायाकल्प करने की लिखी मांग



### टैंकर से धुलाई कराई जाए

यूनियन ने मांग की है कि 15 अगस्त से पहले पूरे परिसर की पानी के टैंकर से धुलाई कराई जाए, नियमित सफाई व्यवस्था बहाल हो और पर्याप्त स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं। साथ ही, यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थायी साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि राष्ट्रीय पर्व का कार्यक्रम गरिमामय ढंग से संपन्न हो सके।

नपा सीएमओ भदौरिया ने अमले के साथ किया तालाब का निरिक्षण

# महेंद्र सागर कर्बला घाट पर विशेष साफ-सफाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य नपा अधिकारी ओमपाल भदौरिया ने महेंद्र सागर तालाब स्थित कर्बला घाट का निरीक्षण किया। आगामी चिहुल्लम पर्व को ध्यान में रखते हुए उन्होंने घाट पर विशेष साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री विजय कुमार सोनी और सफाई प्रभारी राकेश बल्मीक मौजूद रहे। मुख्य नपा अधिकारी ने साफ-सफाई के साथ-साथ घाट पर जलभराव, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी अन्य आवश्यक तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं, इसलिए स्वच्छता और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि पर्व से पहले घाट व्यवस्थित रूप में तैयार किया जाएगा।

## दहेज की खातिर बहू से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** शादी में मुंहमांगा दहेज देने के बावजूद भी अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुये महिला से मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण में महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। मूल रूप से मध्य प्रदेश के जिला इन्दौर के एयरपोर्ट रोड 4 डी नवीन नगर निवासी निवासी अंकिता जैन पुत्री अरविन्द जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब 4 वर्ष पहले शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला चौकाबाग निवासी संजीव जैन पुत्र राजकुमार जैन के साथ सम्पन्न हुयी थी। शादी में उसके पिता अरविन्द जैन पुत्र हुकुमचंद्र जैन ने 120 ग्राम सोना, 50 हजार रुपये नकद, दहेज में घर-गृहस्थी का सामान इत्यादि दिया था, जो कि करीब 20 लाख रुपये का होता है। आरोप है कि शादी के दो वर्ष बाद से ही उसकी सास शोभा जैन, ससुर राजकुमार जैन, जेठ विकास जैन, जेठानी कशिश जैन व पति संजीव जैन एकराय होकर आये दिन किसी न किसी बात को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। बात-बात पर गालियां देते हुये मारपीट की जाने लगी।

## ट्रैफिक नियमों की अनदेखी से हुए नुकसान की जानकारी देकर की एसपी ने एडवाइजरी जारी

# ट्रैफिक नियमों से दोस्ती, हादसों से दूरी, जिले में सुरक्षा अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में यातायात सुरक्षा को लेकर एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने अपनी मुहिम तेज़ कर दी है। जिले में चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को ट्रैफ़िक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जगह जगह वाहन चेकिंग के जरिए नियम तोड़ने वालों को हिदायत दी जा रही है, साथ ही चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस का संदेश साफ़ है कि सड़क पर नियमों का पालन सिर्फ़ कानूनी मजबूरी नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा और परिवार की खुशहाली का संकल्प है।







### यातायात नियमों की अनदेखी करने पर बताये जानलेवा नुकसान

एसपी मंडलोई ने यातायात नियमों की अनदेखी करने बालो को आँकड़े बताते हुए कहा कि वर्ष 2022 में देशभर में 1,19,904 मौतें ओवरस्पीडिंग के कारण हुईं। शराब पीकर वाहन चलाने से 4,201 मौतें, जबकि मोबाइल प्रयोग से 3,395 मौतें दर्ज हुईं। एसपी मंडलोई ने यह भी स्पष्ट किया कि नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, ओवरलोडिंग, मॉडिफाइड साइलेंसर, और काली फिल्म का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित है। नाबालिग को वाहन देते पकड़े जाने पर अभिभावकों पर भी कार्रवाई होगी। वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री या सामान ले जाना दुर्घटना की संभावना को कई गुना बढ़ा देता है।

### सड़क दुर्घनाओं की बताई आंकड़े सहित भयावहता

भारत में हुए सड़क हादसों की भयावह तस्वीर भी इस अभियान का हिस्सा है। वर्ष 2022 में देश में 1,68,491 लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई। यानी औसतन 462 लोग रोज़ाना अपनी जान सड़क हादसों में गंवाते हैं। 2019 से 2023 के बीच यह आंकड़ा लगभग 8 लाख मौतों तक पहुँच चुका है, जिनमें 1.5 लाख पैदल यात्री भी शामिल हैं। पुलिस ने जिले के हर नागरिक से अपील की है कि न केवल खुद नियमों का पालन करें बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। हेलमेट और सीट बेल्ट पहनना, नशे में वाहन न चलाना, तेज़ रफ़्तार से बचना, और सड़क हादसों में मदद करने का साहस दिखाना यही एक सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था की नींव है।

### सड़क दुर्घटनाओं में घायल की मदद करने किया प्रेरित

सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान एसपी मंडलोई ने नागरिकों को याद दिलाया कि सड़क पर सावधानी और सहयोग से ही सुरक्षित सफर संभव है। नियमों का पालन करने वाले न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी बचाते हैं। एसपी मंडलोई ने स्पष्ट किया कि गुड सेमेरिटन योजना के तहत किसी सड़क हादसे में घायल को अस्पताल पहुँचाने वाले व्यक्ति को न तो कानूनी पूछताछ का डर होगा, न कोई परेशानी। लोग निडर होकर मदद करें, क्योंकि हादसे के बाद पहला गोल्डन ऑवर ही जीवन बचाने में निर्णायक होता है।

### हेलमेट व सीट बेल्ट मुख्य फोकस

अभियान का सबसे बड़ा फोकस है हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता रखी गई है। दोपहिया वाहन के चालक और पीछे बैठने वाले दोनों को आईएसआई मार्क वाला हेलमेट पहनना ज़रूरी है, जबकि चारपहिया में सभी यात्रियों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। नियम तोड़ने वालों पर सीधा चालान होगा। ट्रैफ़िक सिग्नलों, ज़ेब्रा क्रॉसिंग और गति सीमा का पालन न करने वालों के लिए भी चेतावनी जारी की गई है।

## नागरिकों का विरोध भी बेअसर, कलेक्टर शासन को लिख चुके हैं पत्र

# एनएच के नालों के कारण कई बस्तियों,ऑफिसों के रास्ते हुए बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एनएच 552 रोड निर्माण के पहले चरण में पाली से गोरस तक जो सड़क बनाई जा रही है, उससे कई गांव डूब में आ गए हैं, सबसे अधिक स्थिति तो शहरी क्षेत्र में खराब हुई है यहां सड़क के दोनों ओर नाले इतने ऊंचाई पर बना डाले कि बस्तियों के भीतर से लोगों का निकलना ही मुश्किल हो गया है।

एनएच द्वारा पाली रोड जाट खेड़ा से शिवपुरी रोड ईको सेंटर के आगे तक सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ रोड के दोनों साइड में नाले बनाए जा रहे हैं इन नालों की ऊंचाई कई जगह से इतनी अधिक हो गई है कि कई दुकानें सड़क से नीचे हो जाने से दुकानकारों के समझ नहीं आ रहा कि आखिर वो करें तो क्या करें?,दुकानदार तो जैसे तैसे दुकानों की ऊंचाई बढ़ा लेंगे लेकिन कई बस्तियां और ऑफिस में आने जाने के रास्ते ही बंद हो गए हैं। ऐसी बस्तियों से मुख्य सड़क तक आना अब आसान काम नहीं रहा है लोगों को बस्तियों से मुख्य सड़क तक आने के लिए जुगाड़ तुगाड़ करना पड़ रहा है।

अब बस्तियों की नीची हो चुकी सड़कों को कौन ऊंची कराएगा या मुख्य सड़क से जोड़ेगा इस संबंध में कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है।



### कलेक्टर भेज चुके हैं शासन को पत्र

आमजन को आने वाली इस परेशानी से को समझते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा शासन को कई बार पत्र लिख चुके हैं जिसमें उनके द्वारा मुख्य सड़क के ऊंचा होने के कारण बस्तियों की सड़कों को जोड़ने के काम को प्राथमिकता से शामिल किया गया है आश्चर्य की बात यह है कि कलेक्टर के पत्र लिखने के बाद भी न एच आई के ठेकेदार सड़कों को बस्तियों की सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ने का काम नहीं कर रहे हैं।

### इन बस्तियों और ऑफिसों में आई परेशानी

पाली रोड स्थित पीजी कॉलेज पुलिस पेट्रोल पंप देहात थाना, महिला थाना, आजाक थाना के सामने सड़क ऊंची होने के कारण जल भराव जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। शिवपुरी रोड पर व्यवसायिक औद्योगिक बैंक के पास से निकला रोड तो नाले से दो फीट नीचा हो गया, बालापुरा रोड, विकास नगर, अग्रसेन कॉलोनी की सड़क ऊंची होने से रास्ते तक बंद हो गए हैं पंजाब नेशनल बैंक के पास जो अग्रसेन कॉलोनी है वहां सड़क इतनी ऊंची हो गई है कि अधिकतर लोग बस्ती के पीछे बनी नई कॉलोनी से होकर अपने वाहन निकाल रहे हैं। लोगों कहना है कि अगर नई कॉलोनी नहीं होती तो हम लोग तो एक तरह से कैद होकर रह जाते।

### इनका कहना...

यह बात सही है कि नाला निर्माण में एनएच द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। बस्ती के लोग पहुंच मार्ग नहीं होने के कारण परेशान हो गए हैं। इस मामले को बीते रोज मेरे द्वारा आयोजित हुई परिषद की बैठक में जोरदारी से उठाया गया था। हम उचित प्लेटफार्म पर इसकी शिकायत लगातार करते आ रहे हैं।

**राजेंद्र मित्तल**
पार्षद वार्ड नं 7

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया अवलोकन

# श्योपुर में प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला करेंगे ध्वजारोहण, परेड की हुई फाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह शहर के वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित होगा। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला प्रातः 09 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। बुधवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की फुल ड्रेस फायनल रिहर्सल की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के आगमन से लेकर ध्वजारोहण, परेड की सलामी, कमांडर परिचय, मुख्य अतिथि के उद्बोधन आदि की रिहर्सल की गई तथा मुख्य समारोह की तैयारियों एवं विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम श्योपुर गगन मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी राजीव गुप्ता, सीएमओ राधेरमण यादव, तहसीलदार मनीषा मिश्रा सहित अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद रहें।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बताया कि मुख्य समारोह में प्रातः 09 बजे मुख्य अतिथि नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ध्वजारोहण करेंगे तथा राष्ट्रगान होगा, इस अवसर पर राष्ट्रीय सलामी एवं राष्ट्रधुन होगी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात स्वतंत्रता दिवस परेड एवं मार्च पास्ट का आयोजन होगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश के नागरिकों के नाम संदेश देंगे, समारोह के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश का बडी एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण किया जायेगा, जिसके लिए स्टेडियम पर बिग स्क्रीन लगाई जा रही है, कार्यक्रम के अंत में पुरस्कारों का वितरण होगा।

मुख्य समारोह के बाद जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ग्राम रायपुरा स्थित शासकीय हाईस्कूल में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में शामिल होगे तथा स्कूली बच्चों के साथ बैठकर भोजन करेंगे।

# शौचालय का पाइप निकालने की बात पर भिड़े दो भाइयों के परिवार, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के पारखजी के बाग क्षेत्र में बुधवार को दो सगे भाईयों के परिवार के लोग आपस में भिड गए। विवाद शौचालय का पाइल निकालने की बात को लेकर हुआ। विवाद में दोनो तरफ से लाठी और सरिए चल गए। दोनों तरफ से दो महिलाओं समेत चार लोग जख्मी हो गए,जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि भगवती बैरागी और श्यामलाल बैरागी आपस में सगे भाई है। बुधवार को इनके बीच घर के शौचालय का पाइप निकालने की बात पर विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक तरफ से भगवती की पत्नी मुन्नी बाई और बेटा गणेशचंद घायल हो गए। वहीं दूसरी तरफ से श्यामलाल बैरागी की पत्नी ललिता बाई और बेटा चंद्रप्रकाश घायल हो गए। इस मामले में चंद्रप्रकाश वैष्णव पुत्र श्यामलाल की रिपोर्ट पर भगवती, गणेशचंद्र, मुन्नी बाई तथा गणेशचंद्र पुत्र भगवती प्रसाद की रिपोर्ट पर श्यामलाल, चंद्रप्रकाश, पुरषोत्तम बैरागी के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

### तीन माह से पैसा नहीं मिला, कैसे खिलाएं बच्चों को विशेष भोज

**श्योपुर।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी स्कूलों में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत खिलाए जाने वाले खाने में बच्चों को खीर पुरी और मिठाई के साथ विशेष भोज बनाकर परोसने के निर्देश सरकार द्वारा दिए गए हैं। सरकार के निर्देश की पालना अधिकारी कराने के लिए संबंधित महिला स्व सहायता समूहों को निर्देशित तो कर रहे हैं लेकिन समूहों को बीते तीन माह से भुगतान नहीं मिला है जिसके चलते विशेष भोज बनाने में वह असमर्थिता व्यक्त कर रहे हैं इस संबंध में प्रांतीय समूह संघ ने ज्ञापन देकर तत्काल संबंधित महिला स्व सहायता समूहों के खातों में रुके हुए तीन माह का पैसा डाले जाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा है।प्रांतीय समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने बताया कि पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत कक्षा 1 से आठवीं तक के बच्चों की सरकारी स्कूल में दोपहर के भोजन के रूप में खाना खिलाने वाले महिला स्व सहायता समूहों और रसोइयाओ को अप्रैल माह से ही पैसा नहीं दिया गया है जिसके चलते महिला समूह कर्जदार हो गए हैं। बाजार में उधार सामान भी नहीं मिल रहा है ऐसे में समूहों से खीर पुरी और मिठाई परोसने के निर्देश दिए जाना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि समूह 26 जनवरी और 15 अगस्त को इसी तरह सुरुचि भोज कराने के साथ-साथ सभी बच्चों को और स्टाफ को भी मिठाई का वितरण करते हुए आए हैं अभी भी करने में किसी को कोई एतराज नहीं है लेकिन समूह के पास पैसा तो होना चाहिए बीते तीन माह का पैसा समूह को नहीं मिला है चोथा माह भी आधा बीत गया है।

# कोतवाली पुलिस ने दबोचा शातिर चोर,चोरी के तीन मोबाइल बरामद

**श्योपुर।** कोतवाली थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को दबोचने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने चोर के कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल बरामद किए है। करीब 50 हजार के चोरी के ये मोबाइल श्री हजारेश्वर मेले से चुराए गए थे। कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि विगत 29 मई 2025 को राजेश नट पुत्र नारायण सिंह नट निवासी घाटनपुर वार्ड 01 भितरवार जिला ग्वालियर हाल हजारेश्वर मेला ग्राउंड ने बलराम माहौर पुत्र धनपाल माहौर निवासी छीपा मोहल्ला श्योपुर के खिलाफ श्री हजारेश्वर मेले के दौरान अलग अलग दुकानों से पांच मोबाइल चोरी कर लिए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस कप्तान वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए शातिर चोर बलराम माहौर को मुखबिर की एक सटीक सूचना पर कार्रवाई कर दबोच लिया गया। इस दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल भी जब्त किए गए है,ये तीनों मोबाइल श्री हजारेश्वर महादेव मेले में लगी दुकानों से चुराए गए थे। आरोपी से शेष मोबाइलों की बरामदगी के संबंध में पूछताछ करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया। टीआई चौहान ने बताया कि बलराम माहौर शातिर चोर है,जिसके खिलाफ कोतवाली थाने में अब तक 5 अपराध दर्ज हो गए थे,जिनमें सबसे ज्यादा मामले चोरी के ही है।



# श्योपुर से 38 का हज यात्रा के लिए चयन, 5 लोग जाएंगे मिनी हज पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

44 दिनों की थका देने वाली हज यात्रा को घटाकर 20 दिन का सफर कर देने का भारत सरकार का प्रयोग शुरू हो गया है। ज्ञात हो कि बुधवार को केंद्रीय हज कमेटी द्वारा दिल्ली में हज के लिए कुरा (लॉटरी सिस्टम) निकाला गया। इस बार भारत से 175025 लोग हज करने सऊदी अरब जाएंगे। जिनमें से 10 हज़ार यात्रियों का चयन पहली बार 20 दिन के लिए किया गया है। यह चयन भी लॉटरी सिस्टम से किया गया है। ज्ञात हो कि जितने लोगों ने हज के लिए आवेदन किए हैं उन सभी ने 20 दिन में हज के लिए प्राथमिकता बताई थी। कुरा में श्योपुर जिले से भी पांच लोगों का चयन 20 दिनों की हज के लिए हुआ है। इस साल मध्य प्रदेश से 4589 लोग हज यात्रा पर जाएंगे इनमें से श्योपुर जिले के 38 भाग्यशाली लोगों के नाम भी कुरा में खुले हैं।

इस साल मध्य प्रदेश से हज पर जाने के लिए 10733 लोगों ने आवेदन किए थे बुधवार को हुए कुरा में कोटा के तहत 4983 भाग्यशाली के नाम की घोषणा की गई जिनमें से श्योपुर जिले के 38 लोगों के नाम हज के लिए चयनित किए गए हैं जबकि पांच लोग जिले से बैटिंग में शामिल है। पहली बार हज के लिए 20 दिन का कोटा भी तय किया गया है। ज्ञात हो कि हज के लिए करीब 44 दिन का सफर होता है लेकिन पहली बार भारत सरकार मुस्लिम समुदाय के अनुरोध पर 20 दिन की हज यात्रा के लिए सऊदी सरकार को मनाने को तैयार हो गई है, जिसके तहत 20 दिन की हज यात्रा भी इस साल से की जा रही है श्योपुर जिले की बात करें तो यहां से वक्फ बोर्ड के जिलाध्यक्ष काजी असदुल्लाह कुरैशी और उनके माता-पिता एवं हाफ़िज़ शहजाद और उनकी पत्नी का कुरा में 20 दिन वाली हज के लिए नंबर आना बताया जा रहा है, हालांकि हज कमेटी ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। जिन लोगों के हज के लिए नंबर आए हैं उन्हें लोग घर पहुंच कर बधाई दे रहे हैं।



### इनका कहना

इस वर्ष भारत से कुल 1,75,025 तीर्थयात्री हज करेंगे। इन भाग्यशाली यात्रियों का चयन केंद्रीय हज कमेटी द्वारा निकाले गए कुरा में हुआ है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुस्लिम समाज की मांग पर पहली बार 20 दिन की हज यात्रा के लिए भी 10 हजार लोगों का चयन किया है।

**रफत वारसी**
चेयरमैन मध्यप्रदेश हज कमेटी

## जिले भर में निकली तिरंगा यात्राएं, तिरंगामय हुआ श्योपुर

# आजादी के तरानों के बीच निकली तिरंगा यात्रा शहर से लेकर गांवों तक चढ़ा देशभक्ति का रंग





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बुधवार को शहर श्योपुर समेत पूरा जिला तिरंगामय होता नजर आया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार की सुबह शहर में भव्य तिरंगा यात्रा उमंग और उत्साह के बीच निकाली गई। गांधी पार्क पर आजादी के तरानो और देशभक्तिपूर्ण, जोशीले उद्घोषो के साथ शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में पूरा शहर देशभक्ति के रंग में सरोबर नजर आया। हजारो हाथ तिरंगा लिये जोश और जज्बे के साथ सडकों पर निकले। हर धर्म, हर समाज के लोगो ने तिरंगा यात्रा में बढ-चढकर हिस्सा लिया। उधर जिले के बडौदा, विजयपुर, कराहल, मानपुर, आवदा, सहित अन्य कई कस्बों और गांवों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। शहर के विभिन्न स्थानो पर तिरंगा रैली के दौरान आजादी के तरानो के बीच, राष्ट्रप्रेम की भावनाओ से ओतप्रोत, आजादी के वीर शहीदो के बलिदान को याद करते हुए देशभक्ति के जयघोषो से पूरा वातावरण गुजांयमान हो उठा।

बुधवार को शहर श्योपुर में निकली तिरंगा यात्रा में कलेक्टर अर्पित वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान एवं दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, अशोक गर्ग, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, नपा उपाध्यक्ष संजय महाना, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोज तोमर, दिनेश दुबोलिया, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एएसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम श्योपुर गगन मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी राजीव गुप्ता, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग राकेश गुप्ता, महिला बाल विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार अम्ब, तहसीलदार मनीषा मिश्रा, आरआई अखिलेश शर्मा, यातायात टीआई संजय राजपूत सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल एवं छात्रावासों के विद्यार्थी तथा स्काउट गाइड दल, फॉरेस्ट बल के जवान तथा बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### ली नशामुक्ति की शपथ



नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर के प्राचार्य डॉ एस डी राठौर के मार्गदर्शन में आज महाविद्यालय में नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं के साथही डॉ परवीन वर्मा, डॉ मंजू शाक्य, डॉ सरलेस मौर्य, वेदांकी खंडेलवाल, डॉ ललिता सिकरवार, पूनम गीद, अंजली दादौरिया, डॉ श्याम लाल बामनिया, डॉ महेश कुमार कुशवाह, खेमराज आर्य, महेंद्र केथवास, डॉ कल्याण कुशवाह, डॉ गणेश नामदेव, डॉ नीरज बरोलिया, देवेश सिरोठिया सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### नपा अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

गांधी पार्क से शुरू हुई तिरंगा यात्रा मैन चौराहा, टोडी गणेश बाजार, पुल दरवाजा, बडौदा रोड, पटेल चौक तथा जयस्तभ होते हुए पुनः गांधी पार्क पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग द्वारा स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग थीम पर उपस्थित नगरवासियों को सप्ताह में दो घंटे और साल में 100 घंटे स्वच्छता श्रमदान के लिए स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों द्वारा मेरा तिरंगा-मेरी शाम अभियान के तहत नगरपालिका द्वारा बनाई गई सिग्नेचर वॉल पर हस्ताक्षर किये गये।







### जिलेभर में निकली तिरंगा यात्राए,देशभक्ति मय हुआ वातावरण

बुधवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन सिर्फ शहर श्योपुर में ही नहीं किया गया,बल्कि जिले के बडौदा, विजयपुर, कराहल, आवदा, मानपुर, वीरपुर, गसवानी, पांडोला, सोंईकलां, दांतरदा, ओछापुरा सहित अन्य कई कस्बो और गांवों में उत्साह और उमंग के बीच तिरंगा यात्राएं निकाली गई। देशभक्ति तरानो के बीच निकली इन तिरंगा यात्राओं में स्कूली बच्चो के साथ साथ संबंधित थाना प्रभारी,वहां के स्थानीय अधिकारी प्रशासनिक,स्थानीय निकाय पदाधिकारी और स्कूल स्टाफ भी मौजूद था। इन तिरंगा यात्राओं से पूरे जिले का वातावरण देशभक्ति मय हो गया।

# पहला रक्षाबंधन मनाने मायके आई नवविवाहिता की कुएं में गिरने से मौत

**परिजन ने शव को कुएं से निकालने के बाद पुलिस को सूचना दिए बगैर कर दिया अंतिम संस्कार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शादी के बाद पहला रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए अपने मायके आई एक नवविवाहिता महिला की उस समय संदिग्ध परिस्थितियों के बीच कुएं में गिरने से मौत हो गई,जब वह मंगलवार को चारा लेने के लिए खेत पर गई थी, बुधवार को परिवार के लोगो ने उसके शव को कुंए से निकालने के बाद उसका अंतिम संस्कार पुलिस को सूचना दिए बगैर कर दिया। यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव गंजनपुरा का है। हालांकि इस मामले की सूचना मिलने के बाद विजयपुर थाना पुलिस तत्काल गांव में पहुंच गई, मगर तब तक नव विवाहिता की चिता आधी से अधिक जल गई थी। इसलिए पुलिस आग अधिक होने की वजह से वापस लौट आई है, लेकिन पुलिस चिता के ठंडी होने के बाद फिर से गांव में पहुंचकर चिता की राख और हड्डियों को जब्त करेगी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम गंजनपुरा निवासी युवती रचना वघेल 22 वर्ष की शादी इसी साल अप्रैल माह में हुई थी। इसलिए वह पहली बार ससुराल से अपने मायके में पहली बार रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए कुछ दिन पहले आ गई थी,रक्षाबंधन पर उसका पति भी राखी चोला लेकर आया था। मंगलवार को रचना वघेल चारा लेने के लिए खेत पर चली गई। जहां वह संदिग्ध परिस्थितियां के बीच रामस्वरूप के खेत पर बने कुएं में गिर गई। बुधवार की सुबह परिवार के लोग उसकी तलाश करते हुए खेत पर पहुंचे और कुएं से उसके शव को बाहर निकालने के बाद घर आए और फिर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

इस संबंध में विजयपुर टीआई राकेश शर्मा का कहना है कि नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच कुएं में गिरने से मौत हुई है। नव विवाहिता को मिर्गी का दौरा भी पडता है,ऐसा अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है कि उसे कुए के पास यह दौरा पड गया हो और कुए में गिर गई हो। मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में लिया गया है। मृतिका की चिता की ठंडी होने पर राख और हड्डियों को जब्त करते हुए मामले की जांच की जाएगी।

# सर्प के काटने से किशोरी की मौत

**श्योपुर।** ढोढर थाना क्षेत्र के गांव टर्राखुर्द में बुधवार को एक किशोरी की सर्प के काटने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम टर्राखुर्द निवासी मीना ओड 16 वर्ष पुत्री रणवीर सिंह ओड को बुधवार को दोपहर के समय उस समय साप ने काट लिया,जब वह घर पर कोई काम कर रही थी,हालांकि परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल भी लेकर पहुंचे,मगर तब तक उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची ढोढर थाना पुलिस ने जिला अस्पताल में शव का पीएम करवाया और फिर उसे परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शहर में निकली पैदल तिरंगा यात्रा, उमड़ा देशभक्ति का सैलाब, स्कूली विद्यार्थी रहे शामिल

# हाथों में तिरंगा थामकर भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान हुआ अंचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शहर में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व बुधवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाजसेवी, स्कूलों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा कटरा मंदिर से शुरू हुई। जो शहर के अंबेडकर तिराहा, सर्वोदय चौक होते हुए गांधी चौराहे पर पहुंची, जहां पर तिरंगा यात्रा का गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में स्कूलों के छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा को थामे भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गुंजायमान करते हुए चल रहे थे। डीजे पर बज रही राष्ट्र गीतों एवं उनकी धुनों पर मौजूद जन समूह थिरकते हुए चल रहा था।

यात्रा में विधायक निर्मला सप्रे, पूर्व विधायक डॉक्टर विनोद पंथी, नपा अध्यक्ष लता सकवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, शशि कैथोरिया, नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैंया, सभापति भारती राय, अजय ठाकुर, रतन यादव, महामंत्री आलेख राय, विजय लखेरा, नंदकिशोर चौधरी, कृष्णा कुशवाहा, प्रीति लखेरा एवं अधिकारियों में एसडीएम विजय डेहरिया, एसडीओपी नितेश पटेल, थाना प्रभारी अनूप यादव, खिमलासा थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल, कृषि विस्तार अवधेश राय आदि उपस्थित रहे।





### शासकीय महाविद्यालय दिनारा में तिरंगा यात्रा रैली




**दिनारा।** शासकीय महाविद्यालय दिनारा में एक भव्य तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का आयोजन प्रभारी प्राचार्य श्री महेंद्र कुमार के निर्देश अनुसार किया गया था। रैली में उत्साह और जोश रैली में समस्त छात्राएं और छात्र उपस्थित रहे और उन्होंने उत्साह और जोश के साथ तिरंगा यात्रा में भाग लिया। समस्त स्टाफ भी इस रैली में उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस रैली का उद्देश्य देशभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देना था। छात्रों ने तिरंगा लेकर रैली में भाग लिया और देश के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को प्रदर्शित किया। रैली की सफलता के लिए प्रभारी प्राचार्य श्री महेंद्र कुमार और समस्त स्टाफ ने छात्रों के साथ मिलकर कड़ी मेहनत की। रैली का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

### तिरंगा हमारी पहचान, इसका सम्मान हमारा अभिमान: रश्मि नेपाल सिंह वर्मा



**शिवपुरी।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर परिषद पोहरी में आज देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा हनुमान मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई मनेन चौराहा पर भावपूर्ण समापन के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ ने कहा कि तिरंगा भारत के नागरिकों के लिए गौरवशाली प्रतीक है, जो देश की एकता और अखंडता का प्रतिनिधित्व करता है। यह झंडा हमें हमारे इतिहास, संस्कृति, आजादी और मूल्यों की याद दिलाता है। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रश्मि नेपाल सिंह वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे स्वाभिमान और अस्मिता का प्रतीक है। तिरंगे का सम्मान करना हम सभी नागरिकों का परम कर्तव्य है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा अवश्य फहराएं। नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती कृष्णालता संजीव शर्मा (बंटी भैया) ने कहा कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज 22 जुलाई 1947 को अपनाया गया था, जिसे पिंगली वेंकैया ने डिजाइन किया था। इसमें केसरिया रंग साहस और बलिदान, सफेद रंग शुद्धता और सत्य, तथा हरा रंग उर्वरता और विकास का प्रतीक है। तिरंगा देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतिनिधित्व करता है।

### कन्या महाविद्यालय में एकल गायन प्रतियोगिता का किया गया कार्यक्रम आयोजन



**बीना।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत आजादी महोत्सव में देशभक्ति एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने कहा कि देश भक्ति गीत सुनकर राष्ट्र प्रेम की भावना बलवती है। कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रश्मि जैन ने कहा देश भक्ति गीत सुनकर भारत माँ के प्रति गौरव का अनुभव होता है। डॉ उमा लवानिया ने कहा देश भक्ति गीत हमें झंकृत करते हैं। छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुति में हिस्सा लिया। जिसमें पूर्ति गोस्वामी प्रथम, उमा कुशवाहा द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर प्रतीक्षा कुशवाहा रही।

## जब परिवार नशा मुक्त होगा तब समाज नशा मुक्त बनेगा: प्राचार्य



**बीना।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गर्ल्स कॉलेज में प्राचार्य डॉक्टर चंद्दा रत्नाकर ने समस्त स्टाफ को शपथ दिलाते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत की कल्पना को साकार करने के लिए हमें इसकी शुरुआत अपने-अपने घरों से ही करना होगी। जब परिवार नशा मुक्त होगा तो समाज भी नशा मुक्त होगा एवं हम एक नशा मुक्त भारत का निर्माण कर सकेंगे। डॉक्टर उमा लवानिया ने कहा कि नशा करने से गंभीर सामाजिक मनोवैज्ञानिक एवं शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं हमें नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए एवं इसकी जन जागरूकता समाज के एक-एक घर तक पहुंचना चाहिए। हम सभी संकल्प लेते हैं कि नशा विरोधी अभियान में हम अपना सक्रिय सहयोग देकर भारत को नशा मुक्त बनाएंगे। कार्यक्रम में डॉक्टर रश्मि जैन, डॉक्टर दीपमाला सिंह, डॉक्टर हरिशंकर सेन, डॉक्टर दिनेश राय, डॉक्टर विशाल मिश्रा, डॉक्टर आशीष गुप्ता, नवीन नामदेव, नीता नामदेव आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने समाजसेवियों के साथ आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण

**बीना।** आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन एवं उसमें समाज की सहभगिता के उद्देश्य से एसडीएम विजय डेहरिया ने इटावा बाहरी क्षेत्र की आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया। सत्यजीत सिंह एवं आश्मा जैन ने बताया कि किशोरी बालिकाओं के सहयोग से समसामयिक स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल उपेक्षित और कमजोर बच्चों को लाभ मिले इस के लिए एक समन्वय बिठाया जायेगा। जिसमें



अखिल भारतीय जैन महिला परिषद के सदस्य एवं संस्था समन्वय मंडपम की स्वयंसेवी बालिकाएं स्थानीय प्रशासन के साथ मिल कर पहले एक सर्वे करेंगे तत्पश्चात आवश्यकता अनुसार सामग्री, सेवा, सहयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुपोषण मुक्ति और सबल किशोरी के इस अभियान में समाज के अन्य स्वैच्छिक संगठन भी स्थानीय प्रशासन के साथ मिल कर सहयोग कर सकते हैं।

## एंटी-रैगिंग वीक: डीन बोले- बनिए किताबों के आशिक और गलत संगत से रखिए दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय में बुधवार को माहौल कुछ अलग था—ना तो केवल क्लासरूम, ना ही सिर्फ वार्ड की चहल-पहल, बल्कि एंटी-रैगिंग सप्ताह का जोश पूरे कैंपस में छा गया। 12 से 18 अगस्त तक चलने वाले इस कार्यक्रम की कमान संभाली डीन डॉ. डी. परमहंस ने, जिनके नेतृत्व में रैगिंग के खिलाफ जागरूकता का बिगुल बजा।

शुरुआत भारत सरकार व यूजीसी के ऑनलाइन लाइव प्रसारण से हुई, जिसके बाद रैगिंग के दुष्प्रभावों पर खुली चर्चा, शपथ ग्रहण और आने वाले दिनों के लिए स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन और क्विज जैसे इवेंट्स का ऐलान हुआ। डॉ. परमहंस ने छात्रों को खास नसीहत दी कि गलत संगत से बचो और बुक लवर्स बनो। किताबों में ऐसा खजाना है, जो आपके भविष्य को चमका देगा। कॉलेज की नौ-सदस्यीय एंटी-रैगिंग समिति जीरो टॉलरेंस नीति पर चलते हुए हर गतिविधि पर पैनी नज़र रखेगी। इसमें डॉ. आशुतोष चौऋषि, डॉ. केबी वर्मा, डॉ. किरण थोरात, डॉ. छत्रपाल प्रजापति, डॉ. रश्मि तोमर सहित वरिष्ठ व जूनियर डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ और एमबीबीएस छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। यूजीसी ने 2023 में 12 अगस्त को रैगिंग-रोधी दिवस और 12-18 अगस्त को रैगिंग-रोधी सप्ताह मनाने का निर्णय लिया था ।

## जमीन विवाद में कप्तान सिंह धाकड़ का बयान, पूर्व मंत्री से हमारी तो पूरे गांव में किसी की रिश्तेदारी नहीं



**शिवपुरी।** पोहरी विधानसभा के ग्राम मारौरा खालसा में 10 अगस्त को हुए जमीनी विवाद पर जनपद सदस्य कप्तान सिंह धाकड़ ने साफ शब्दों में कहा कि विवादित जमीन करीब 25 साल पहले पूरे गांव की मौजूदगी में बदली गई थी। तब यह जमीन खेती लायक नहीं थी, जिसे उन्होंने वर्षों की मेहनत से उपजाऊ बनाया। कप्तान सिंह का आरोप है कि अब रोड निकलने से जमीन की कीमत बढ़ गई, जिससे सामने पक्ष की नीयत बदल गई और उनकी 6 बीघा में लगी टमाटर की फसल पर ट्रैक्टर चला कर उसे नष्ट कर दिया गया। इस मामले में उन्होंने बैराड़ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पूर्व मंत्री सुरेश राठखेड़ा का नाम विवाद में जोड़े जाने पर कप्तान सिंह ने स्पष्ट किया कि पूर्व मंत्री से हमारी क्या, पूरे ग्राम मारौरा खालसा में किसी की भी रिश्तेदारी नहीं। हम न तो उनके पास मदद के लिए जाते हैं, न ही इस मामले में उनकी कोई भूमिका है। किसकी राजनीति है, मुझे नहीं पता।

## स्वतंत्रता दिवस का हुआ ग्रैंड रिहर्सल, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने परेड का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



आज शिवपुरी के पुलिस परेड ग्राउंड पर देशभक्ति की धड़कनें तेज हो गईं, जब 15 अगस्त के जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास धूमधाम से संपन्न हुआ। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी और पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ जीप पर सवार होकर परेड ग्राउंड पहुंचे और कदमताल करती टुकड़ियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने परेड कमांडरों से परिचय लेते हुए तैयारियों की सराहना की।

मुख्य समारोह में 15 अगस्त को सुबह 9 बजे ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी प्रद्युम्न सिंह तोमर ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर जिला पुलिस बल (पुरुष व महिला), एनसीसी, स्काउट, शौर्य दल और होमगार्ड की टुकड़ियां अपनी शानदार प्रस्तुति देंगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले, तहसीलदार शिवपुरी सहित प्रशासन और पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह में भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वतंत्रता दिवस संदेश सीधा प्रसारित होगा।

आज भव्य तिरंगा वाहन रैली, कलेक्टर ने की जनभागीदारी की अपील घर तिरंगा अभियान के तहत शिवपुरी शहर 14 अगस्त की सुबह देशभक्ति के रंग में रंग जाएगा, जब भव्य तिरंगा वाहन रैली सड़कों पर उमंग और उत्साह बिखेरेगी।

## करैरा में गूंज उठी शिक्षा सुधार की आवाज, निपुण भारत मिशन की क्लस्टर स्तरीय बैठक में नवाचार का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी




पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, आईटीबीपी करैरा आज शिक्षा सुधार और नवाचार का केंद्र बना, जहां न्यूनतम साझा कार्यक्रम (सीएमपी) के अंतर्गत द्वितीय क्लस्टर स्तरीय निपुण बैठक उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। इस बैठक में अम्बाह, टीकमगढ़, डबरा, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, भा.ति.सी.पू. शिवपुरी और भा.ति.सी.पू. करेरा सहित 9 केंद्रीय विद्यालयों के प्राचार्य और शिक्षक शामिल हुए।

मुख्य उद्देश्य था कि निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) के लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के लिए ठोस और प्रभावी कार्ययोजना बनाना। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अशोक कुमार सारस्वत के स्वागत भाषण और माँ सरस्वती पूजन से हुआ। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों और स्वागत कार्ड से माहौल को जीवंत कर दिया। बैठक में शिक्षण की नई रणनीतियों, शिक्षकों के प्रशिक्षण, संसाधनों के प्रभावी उपयोग और विद्यार्थियों की सीखने की गति मापने के आधुनिक मानकों पर गहन चर्चा हुई। प्रत्येक विद्यालय के एक शिक्षक ने अपने-अपने नवाचार साझा किए, जिन्हें सराहा गया। प्राचार्य श्योपुर पवन सिंह मीना ने प्राथमिक शिक्षा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया, वहीं प्राचार्य टीकमगढ़ संतोष सोनी ने चुनौतियों की पहचान कर उनके समाधान पर जोर दिया।

## पियूष राज्यस्तरीय एनएसएस सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान का शानदार उदाहरण पेश करते हुए शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवपुरी के स्वयंसेवक पियूष जैन को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार मिला है। यह सम्मान उन्हें वर्ष 2021-22 के लिए 12 अगस्त को भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के ज्ञान विज्ञान भवन में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. इंदर सिंह परमार ने प्रदान किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. अनुपम राजन, विश्वविद्यालयों के कुलपति, एनएसएस राज्य प्रमुख, युवा अधिकारी, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी एवं ईटीआई भोपाल के प्रशिक्षक राहुल सिंह परिहार उपस्थित रहे।

एनएसएस जिला संगठक डॉ. एस.एस. खंडेलवाल ने बताया कि भारत सरकार की इस योजना का उद्देश्य युवाओं को समाज सेवा से जोड़कर उनका सर्वांगीण विकास करना है। पियूष का चयन संपूर्ण मध्यप्रदेश से कठोर चयन प्रक्रिया के बाद हुआ। पुरस्कार पाकर पियूष ने इसे अपने गुरुओं और सहयोगियों को समर्पित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि मेरी नहीं, हम सबकी है। उन्होंने विशेष आभार डॉ. एस.एस. खंडेलवाल, श्रीमती बिंदु छिब्बर, दिनेश पाल और डॉ. राकेश शाक्य का व्यक्त किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पवन श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. डॉ. राकेश शाक्य, इंदिरा गांधी हस्स्ट पुरस्कार प्राप्त सौरभ भार्गव, शिवम मित्तल, आदर्श जैन, साक्षी गुप्ता, शालिनी सोनी, मंशिका गोयल समेत अनेक सामाजिक संगठनों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी।

**एसपी के निर्देशन में मिली सफलता**

## बैराड़ पुलिस ने 1 साल से फरार स्थायी वारंटी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले व एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना बैराड़ पुलिस ने एक साल से फरार स्थायी वारंटी को दबोच लिया।

माननीय न्यायालय पोहरी के प्रकरण क्रमांक आरसीटी 448/21 में वांछित आकाश पुत्र दिलीप मोगिया उम्र 30, निवासी कैमई, थाना बैराड़ को आज पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। इस सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक रविशंकर कौशल, सउनि तेज सिंह गौड़, प्र.आर. सुरेंद्र भगत, आर. राजेंद्र प्रसाद व मआर. वर्षा जाटव की अहम भूमिका रही।

## शिवपुरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सर्व यादव समाज की भव्य शोभायात्रा, जयघोष से गुंजायमान हुआ पूरा नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सर्व यादव समाज ने नगर में भव्य शोभायात्रा-चल समारोह निकाला, जो गांधी पार्क (मानस भवन) से प्रारंभ होकर कोर्ट रोड, अस्पताल चौराहा, अग्रसेन चौक, तात्याटोपे पार्क, राजेश्वरी रोड, पुरानी शिवपुरी, काली माता मंदिर होते हुए श्री राधा-कृष्ण मंदिर पर सम्पन्न हुआ।

हाथी-घोड़ा, पालकी और डीजे-ढोल की थाप पर ₹जय कन्हैया लाल की₹ के गगनभेदी नारों ने पूरे नगर को कृष्णमय कर दिया। मार्ग में विभिन्न समाजसेवी संगठनों और नगरवासियों ने तोरणद्वार, पुष्पवर्षा, पेयजल व प्रसाद से स्वागत किया। तात्याटोपे स्मारक पर पारंपरिक लहंगी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।

माधवचौक चौराहे पर ग्वाल समाज सकल (पंच) शिवपुरी द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत द्वार व मंच से पुष्पवर्षा करते हुए समाजजन ने जय-जय श्रीकृष्ण के जयघोष लगाए। इस दौरान ग्वाल समाज सकल (पंच) शिवपुरी अध्यक्ष राजू यादव (ग्वाल), धनीराम दीवान (ग्वाल), गोपाल यादव (ग्वाल), राजा यादव (ग्वाल) पार्षद, विष्णु यादव (ग्वाल), राम यादव, मनोज ग्वालवंशी सहित अन्य ग्वाल बंधुजन उपस्थित रहे। सभी ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं, दुपहिया, चार पहिया और ट्रैक्टरों में सवार यदुजनों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

करीब 1 किलोमीटर लंबे काफिले में सैकड़ों दुपहिया, चार पहिया वाहन और ट्रैक्टरों के साथ दूर-दराज़ से आए ग्रामीण अंचलों के यदुजनों की उपस्थिति ने पूरे नगर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की उल्लासधारा में डुबो दिया।

**भाजपा जिलाध्यक्ष जाटव एवं विधायक जैन करेंगे अध्यक्षता**

## विभाजन विभीषिका पर संगोष्ठी और मौन जुलूस का आयोजन

**शिवपुरी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर, भाजपा जिला शिवपुरी द्वारा 14 अगस्त 2025 को विभाजन की विभीषिका पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम नक्षत्र गार्डन में दोपहर 3 बजे से शुरू होगा, जिसमें एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी के बाद, नक्षत्र गार्डन से एक मौन जुलूस निकाला जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव और विधायक देवेंद्र जैन करेंगे। कार्यक्र म में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला और जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल पदाधिकारी, मोर्चों के जिलाध्यक्ष, महामंत्री और प्रकोष्ठों के जिला संयोजक सहित सभी अपेक्षित श्रेणियों के सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। यह आयोजन 1947 में भारत के विभाजन के दौरान हुए दर्द और त्रासदी को याद करने और श्रद्धांजलि देने के लिए किया जा रहा है।